हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार, दिसंबर 20, 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 27 डिग्री
न्यूनतम 12 डिग्री

13 सांभर का शिकार करने वाले दर्जन भर आरोपी गिरफ्तार



14 रेलवे प्रभावित परिवारों ने व्यवस्थापन को लेकर महापौर ...



## खबर संक्षेप

### बेलौदी में मड़ई मेला आज

**मगरलोड।** ग्राम बेलौदी में संत शिरोमणि बाबा गुरुघासीदास जयंती पर मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में शिवगंगा छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी का कार्यक्रम होगा।

### जिला स्तरीय गुरू घासीदास लोककला महोत्सव 22 को

**धमतरी।** जिला स्तरीय गुरू घासीदास लोककला महोत्सव 2025 का आयोजन 22 दिसम्बर को स्थानीय विंध्यवासिनी वार्ड, गौशाला मैदान स्थित सामुदायिक भवन में किया जाएगा। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग द्वारा जिला स्तरीय कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले लोक नर्तक जैसे-पंथी नृत्य, पंडवानी, भरथरी, पारंपरिक लोक आदि दलों को 22 दिसंबर को सुबह 10 बजे सामुदायिक भवन में अपनी उपस्थिति देना सुनिश्चित करने कहा है।

### 6 जनवरी को परसुली मड़ई, नाचा भी होगा

**धमतरी।** ग्राम परसुली में 6 जनवरी को ग्रामवासियों के सहयोग से मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में लोगों के मनोरंजन हेतु मां के ममता चिखली बांधाबाजार जिला मोहला मानपुर का नाचा प्रोग्राम रखा गया है। यह जानकारी ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष तोमेश्वर निषाद, सचिव तोरण निषाद व गांव पटेल कृष्ण कुमार साहू ने दी।

### तरसींवा में मड़ई 8 को

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम तरसींवा में ग्रामवासियों के सहयोग से 8 जनवरी गुरुवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। लोगों के मनोरंजन के लिए मोर मयारू गंगा साराबोग ओडिशा की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी सरपंच प्रतिनिधि डॉ. उमेश सिंह ने दी है।

### शिविर 23 एवं 29 दिसंबर को

**धमतरी।** प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम अजय) के तहत स्वरोजगार स्थापित करने ऋण राशि एक लाख रूपये, जिसमें 50 प्रतिशत अनुदान अथवा 50 हजार रूपये है। योजना हेतु आवेदन पत्र तैयार करने के लिए अनुसूचित बाहुल्य ग्रामों में शिविर का आयोजन किया जाएगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति ने बताया कि कुरूद के ग्राम पंचायत डाही में 23 दिसंबर और धमतरी के ग्राम पंचायत कुर्रा में 29 दिसंबर को शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों में अनुसूचित जाति वर्ग के इच्छुक आवेदकों को राशन कार्ड, आधार कार्ड, बैंक पासबुक की दो-दो फोटोकॉपी और 2 पासपोर्ट साईज फोटो के साथ उपस्थित होने कहा गया है।

ग्राम सिवनीकला का मामला, समर्थन में कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीण

# पूर्व सरपंच ने परिवार सहित मांगी इच्छा मृत्यु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



ग्राम पंचायत सिवनीकला के पूर्व सरपंच ने एक व्यक्ति विशेष पर राजनीतिक दबाव बनाकर मानसिक रूप से प्रताड़ति करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कलेक्टर से सपरिवार इच्छा मृत्यु की अनुमति मांगी है। इच्छा मृत्यु मांगने वाले आवेदन में पूर्व सरपंच की पत्नी सहित तीन पुत्र और तीन पुत्रवधु के हस्ताक्षर हैं।

शुक्रवार को सिवनीकला के ग्रामीणों के साथ कलेक्टोरेट पहुंचे पूर्व सरपंच ईश्वर लाल साहू ने कलेक्टर के नाम आवेदन में कहा है कि वह वर्ष 2020-21 से 2024-25 तक सिवनीकला का सरपंच था। वह अपने पांच वर्ष का कार्यकाल निर्विवादित, पारदर्शिता के साथ बिना राग, द्वेष के पूर्ण किया है। गांव का एक व्यक्ति विशेष द्वारा जब से वह सरपंच बना है तबसे लेकर आज तक राजनीतिक दबाव बनाकर मानसिक रूप से प्रताड़ति किया जा रहा है। वर्तमान में उसे बदनाम करने तथा चरित्र धूमिल करने के उद्देश्य से 15 लाख रूपये गबन करने की शिकायत जिला प्रशासन से की है। 28 नवम्बर 2025 को जांच समिति ने जांच कर पंचनामा तैयार कर हस्ताक्षर लिया है। उसे व्यक्तिगत परेशान कर रहा है। 17 दिसम्बर को जनपद पंचायत कुरूद में सीईओ एवं जांच अधिकारियों पर राजनीतिक दबाव बनाकर नई शिकायत की जांच करने के लिए पूछताछ की गई है। जबकि नई शिकायत के बारे में उसे कोई जानकारी नहीं है और तुरंत जांच करने अधिकारियों पर दबाव बनाया जिससे वह मानसिक रूप से प्रताड़ति एवं अपमानित महसूस कर रहा है।

ईश्वर लाल साहू ने आवेदन में कहा है कि नया आरोप लगाकर जनपद पंचायत कुरूद सीईओ पर दबाव डालकर पंजाब नेशनल बैंक, बैंक आफ बड़ौदा, एचडीएफसी बैंक कुरूद से फर्जी तरीके से ग्राम पंचायत के बैंक खातों का स्टेटमेंट निकाला गया है और 715079 रूपये का बिना कार्य के आहरण करने का आरोप लगाया है जिससे वह पूर्ण रूप से आहत हैं। वह पांच वर्ष के कार्यकाल में गांव में शांति व्यवस्था, भाईचारा, भ्रष्टाचार मुक्त काम किया है। उसके उपर फर्जी कार्य करवाने, फर्जी रूप से राशि आहरण बिना कार्य के पैसे निकालने का झूठा आरोप लगाकर मुझे अपमानित किया गया। गांव में शांति भंग करने का काम किया जा रहा है, जिससे वह और उसका परिवार आहत है। अब वह इस सभी प्रताड़ना को झेलने की शक्ति नहीं है। उसे और उसके परिवार को कुछ भी होता है तो उसका जिम्मेदार वह व्यक्ति होगा।

इस मामले में जनपद सदस्य लीली श्रीवास, ग्रामीण हेमलाल पटेल, जगन्नाथ साहू, सेवकराम, गणेश, टिकेश्वर, कृष्ण कुमार सहित अन्य लोगों ने कलेक्टर को एक अन्य आवेदन सौंपकर पूर्व सरपंच ईश्वर लाल साहू को प्रताड़ति करने के मामले की गंभीरता को देखते हुए जल्द से जल्द संज्ञान लेने तथा कार्रवाई की मांग की है।

## प्ले स्कूलों को भी लेनी होगी मान्यता



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

अब प्ले स्कूलों को भी शिक्षा विभाग से मान्यता लेनी होगी। जिले में 8 प्ले स्कूल हैं, जिन्हें जिला शिक्षाधिकारी से तीन माह के भीतर मान्यता लेने निर्देश दिए हैं। इसके अतिरिक्त कई अन्य प्ले स्कूल भी चल रहे हैं। उन्हें भी सूचना भेजी जा रही है।

अब तक प्ले स्कूल शिक्षा विभाग में बिना पंजीयन के चल रहे थे। बच्चों की सुरक्षा और गुणवत्तायुक्त शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए शासन ने इन प्ले स्कूलों को भी शिक्षा विभाग से मान्यता लेने के निर्देश दिए हैं। मिली जानकारी के अनुसार जिले में 8 प्ले स्कूल चल रहे हैं। इनमें ईजी किड्ज, उड़ान, बचपन, आधारशिला प्ले स्कूल धमतरी और कुरूद, ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल घठुला, सशिमं भैंसासांकरा, गुरुकुल बोरई शामिल हैं। इन स्कूलों को शिक्षा विभाग की ओर से पत्र लिखा गया है कि वे तीन माह के भीतर मान्यता ले लें, अन्यथा प्ले स्कूल को बंद करने के लिए कार्रवाई की जाएगी।

### सुरक्षा, शिक्षा पर फोकस

अब तक प्ले स्कूल बिना नियम के मनमर्जी ढंग से चल रहे थे, अब इन पर लगाम कसने की तैयारी है। मान्यता लेने के बाद यहां पर नियमों का पालन करना सुनिश्चित किया जाएगा। किसी भी प्ले स्कूल में 3 साल से छोटे बच्चों को प्रवेश देना वर्जित होगा। हर 20 बच्चों के पीछे एक शिक्षक अनिवार्य है। स्कूल में कैमरा, सुरक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर और सुरक्षित वातावरण पर फोकस किया जाना है।

## जिले का वनग्राम बनेगा राजस्व गांव

- सर्वे पूरा, राजस्व अभिलेख तैयार, प्रारंभिक प्रकाशन भी हुआ

**धमतरी।** धमतरी जिले का राजस्व निरीक्षक मंडल कुकरेल, तहसील कुकरेल का ग्राम खैरभर्री वन से घोषित राजस्व ग्राम है। कार्य एजेंसी आईआईटी रूढ़की द्वारा अंतिम प्रकाशन के लिए ग्राम खैरभर्री के 2 नक्शा शीट उपलब्ध कराया गया है। इस गांव का तैयार राजस्व अभिलेखों का प्रारंभिक प्रकाशन जिला कलेक्टर कार्यालय द्वारा किया जा चुका है। सभी अभिलेख संबंधित ग्राम पंचायत में अवलोकन के लिए कार्यालयीन दिवसों में उपलब्ध है। कलेक्टर कार्यालय द्वारा इन अभिलेखों से संबंधित आमजनों से दावा-आपत्तियां आमंत्रित की जा रही है। हल्का पटवारी द्वारा तैयार किये गये नक्शा शीटों एवं खसरों पर जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो, तो प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर लिखित-मौखिक आवेदन कार्यालयीन समय में स्वयं या अभिभाषक के माध्यम से दावा-आपत्ति संबंधित ग्राम पंचायत में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद मिले दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

## महिला ने जहर सेवन कर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

- सेमरा-सिहावा की घटना

घरेलू विवाद पर एक महिला ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली है।

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार सिहावा थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरा निवासी अंजुलता साहू पति सतीश उम्र 35 वर्ष का मंगलवार को घरेलू बात को लेकर पति से विवाद हो गया। बुधवार की रात्रि सभी लोग खाना खाकर सो गये। रात्रि लगभग



1 बजे महिला ने पति को जगाकर जहर सेवन कर लेने की जानकारी देते हुए बचा लेने की बात कही। सतीश अपनी बेटी लेईशा साहू के साथ नमक पानी घोलकर महिला को पिलाने का प्रयास किया लेकिन महिला ने नमक पानी नहीं पीया। रात्रि में ही निजी वाहन की मदद से महिला को उपचार के लिये नगरी अस्पताल में भर्ती कराया गया। गंभीर हालत के चलते महिला को धमतरी रिफर कर दिया गया। गुरूवार को महिला को धमतरी लाकर सिविल लाइन स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान महिला की शुक्रवार की सुबह अस्पताल में मौत हो गई। चौकी पुलिस ने पंचनामा, पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है। महिला की तीन बेटियां हैं। पति किसानी का काम करता है।

पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## क्रेन की चपेट में आने से मजदूर का हाथ कुचला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी





- शांति कालोनी चौक में हुई घटना

साइकिल से काम करने राइस मिल जा रहे मजदूर युवक को क्रेन ने ठोकर मार दी। टक्कर से साइकिल सहित सड़क पर गिरे मजदूर का हाथ क्रेन के पहियों के नीचे कुचला गया।

मिली जानकारी के अनुसार रत्नाबांधा निवासी राजेश पटवा उम्र 45 वर्ष नगरी रोड स्थित राइस मिल में काम करता है। शुक्रवार की सुबह युवक घर से निकल साइकिल चलाते सिहावा रोड से होते हुए काम करते राइस मिल जा रहा था। इसी दौरान शांति कालोनी चौक के पास पीछे से आ रही क्रेन ने साइकिल को जोरदार ठोकर मार दी। क्रेन की टक्कर से युवक साइकिल सहित सड़क पर गिर गया। घटना के बाद क्रेन रूकने की बजाय सड़क पर पड़े युवक के हाथ को पहियों से कुचलते हुए निकल गई। इस घटना में युवक का हाथ बुरी तरह से कुचल गया है। घटना के बाद आकाश नाग ने तत्परता दिखाते हुए घायल युवक को उपचार के लिये अस्पताल भेज दिया। बताया जा रहा है कि क्रेन मालिक युवक को मसीही अस्पताल में भर्ती कराकर वहां से चला गया। घायल मजदूर के परिवार निजी अस्पताल का खर्च उठाने की स्थिति में नहीं है। वैसे भी मसीही अस्पताल में आयुष्मान कार्ड से उपचार पर बैन लगा हुआ है। ऐसी स्थिति में मजदूर का उपचार हो पाना संभव नहीं है। ऐसे में पीड़ित परिवार को किसी तरह अस्पताल का खर्च उठाना पड़ा। समाजसेवी शिवा प्रधान ने आयुष्मान से इलाज चल रहे एकता अस्पताल में घायल को रिफर कराया जहां घायल का उपचार जारी है।

### शासन की 7 दिन फ्री इलाज योजना का अता-पता नहीं

सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के तहत छग शासन ने घायलों को राहत पहुंचाने अनेक योजना लागू की है जिसमें से घायल का अस्पताल में 7 दिन तक डेढ़ लाख तक फ्री इलाज भी शामिल है लेकिन विडंबना है कि जीवन रक्षा जैसे महत्वपूर्ण नियमों की जिले के जिम्मेदार अधिकारियों की इसकी जानकारी नहीं है। प्रशासन व संबंधित विभाग द्वारा इस तरह के योजनाओं के लिये अब तक अस्पताल चिन्हांकित नहीं किया जा सका है जिसके कारण सड़क दुर्घटना में घायलों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। यही नहीं गोल्डन आवर में घायल को अस्पताल पहुंचाने वाले गुड सेमेरिटन को प्रोत्साहित करने राहवीर योजना का पुरस्कार भी नहीं मिल रहा है।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 969. ईशांत मानिकपुरी पिता\पति कीर्तन मानिकपुरी पता- आर.डी.ए. कॉलोनी रायपुरा, 970. लविश राठौर पिता\पति सतेन्द्र राठौर पता- गली न. 2 A अक्षत विहार, 971. वंदना तेकाम पिता\पति प्रदीप कुमार पता- गंगा नगर पंडरी रायपुर, 972. हुमन विश्वकर्मा पिता\पति कृपा राम विश्वकर्मा पता- दोंदेकला रायपुर, 973. जिया श्री साहु पिता\पति तिजेंद्र कुमार साहु पता- अयोध्या नगर न्यू चंगोरा भाटा, 974. उदय वीर सिंह पिता\पति शिव शंकर सिंग पता- वार्ड न.- 43 पुरानी बस्ती रायपुर, 975. नोहर लाल साहू पिता\पति मेघनाथ साहू पता- काशी राम नगर रायपुर, 976. अंश कुमार निषाद पिता\पति दीपक निषाद पता- कुम्हार पारा फाफाडीह, 977. दुलारी तांडी पिता\पति जय लाल ठाकुर पता- B.S.U.P कॉलोनी ब्लाक न.- 24, 978. चित्रेखा पिता\पति जे.आर साहु पता- H-26 पुलिस लाइन रायपुर, 979. प्रशांत यदु पिता\पति घनश्याम यदु पता- नयापारा भैर, 980. डामेश्वर नगारची पिता\पति पुरुषोत्तम नगारची पता- दरबा, 981. शुभम पाण्डेय पिता\पति देवेन्द्र पाण्डेय पता- महिमा सागर वार्ड धमतरी, 982. निर्मला बाफना पिता\पति टीकम चंद बाफना पता-दीनदयाल कॉलोनी कौरीन भाठा राजनादगांव, 983. कीर्तन लाल साहू पिता\पति श्री रमेश कुमार साहू पता-बेलटिकरी राजनादगांव, 984. गजेन्द्र सिंह भारतद्वाज पिता\पति श्री सी. एस. भारतद्वाज पता-विजय वार्ड न. -2 जगदलपुर, 985. भुनेश्वरी मानिकपुरी पिता\पति पूरण दास मानिकपुरी पता-महासमुंद, 986. हर्षिता वर्मा पिता\पति दुर्गेश कुमार वर्मा पता-शिवानन्द कॉलोनी महासमुंद, 987. शौर्य नेताम पिता\पति श्री तोरण राम नेताम पता-प्रोफेसर कॉलोनी कवर्धा, 988. वंदना साहू पिता\पति विष्णु राम साहू पता-भैंसा, 989. हेमंत कुमार वर्मा पिता\पति राजेश कुमार वर्मा पता-आर.के.जी. स्कूल के पास, 990. राजदीप साहु पिता\पति गोपी राम साहु पता-बलोदा बाज़ार, 991. स्वरा वैष्णव पिता\पति सिद्धार्थ वैष्णव पता-सरगीपाल कोंडागांव, 992. समृद्धि यादव पिता\पति मनीष कुमार यादव पता-डी.एन. के. कोंडागांव, 993. भव्य ठौक पिता\पति संदीप ठौक पता-सेक्ट.-01 भिलाई, 994. गरिमा पटेल पिता\पति श्री देवेन्द्र कुमार पटेल पता-दुर्ग, 995. कौशल राज सोनी पिता\पति हरीश कुमार सोनी पता-दुर्ग, 996. रमनदीप कौर भाटिया पिता\पति करनल सिंग भाटिया पता-संतरा बाड़ी दुर्ग, 997. अश्वनी कुमार पाण्डेय पिता\पति स्व. चंदू लाल पाण्डेय पता-म.न. -255 वार्ड -6 ठेठवार पारा दुर्ग, 998. तुषार वर्मा पिता\पति दिलीप कुमार वर्मा पता-हथखोज भिलाई, 999. श्री पुरुषोत्तम लाल साहू पिता\पति श्री जोखू राम साहू पता-शीतला पारा हथखोज वार्ड न. -2 भील -3 चरोदा, 1000. मुकेश गोयल पिता\पति स्व. श्री मन्ना राम गोयल पता-कापला मार्केट के पास खुर्सीपार, 1001.यशवंत कुमार साहू पिता\पति स्व. श्री मदन लाल साहू पता-हरिनगर कातुल बोर्ड दुर्ग, 1002. रोशन कुमार बघमार पिता\पति मन्नू लाल बघमार पता-ढीमर पारा हनुमान टेम्पल दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण –** 1003. अजय कुमार पासवान पिता/पति - स्व. इंद्रदेव पासवान पता - बनारस रोड गांधी नगर 1004. अर्चना चौबे पिता/पति - सच्चि दानंद पांडे पता- शंकरघाट अम्बिकापुर 1005. अलंकार नायक पिता/पति - श्री ओंकार नाथ नायक पता - विश्रामपुर 1006. श्रीमती पविता यादव पिता/पति - श्री मनबोध राम यादव पता- हरीदेवेंद्र कालोनी बी- 32 अम्बिकापुर 1007. बिन्दु पिता/पति - संबोधीत सरजुन पता- हरीदेवेंद्र कालोनी एन - 20 महादेव पारा अम्बिकापुर 1008. विनीति श्रीवास्तव पिता/पति - विवेक श्रीवास्तव पता- अम्बिकापुर 1009. डॉ . पंकज त्रिपाठी पिता/पति- स्व. आर.के.त्रिपाठी पता - सत्ती पारा अम्बिकापुर 1010. श्री जल यादव पिता/पति - सतीश यादव पता- बड़सार भैयाथान 1011. आसिम अहमद पिता/ पति - जहरुद्दीन आजाद पता - मोमीनपुरा अम्बिकापुर 1012. आमिष यादव पिता/पति- श्री राम गेवरा यादव पता- अम्बिकापुर सरगुजा 1013. कु. सुदीक्षा मिश्रा पिता/पति -प्रवीण कुमार मिश्रा पता - मिशन चौक अम्बिकापुर 1014. गुलशन गोयल पिता/पति- श्री शिव कुमार गोयल पता- मायापुर पीपल मार्ग अबिकापुर 1015. दिनेश कुमार पिता/पति - शिव प्रसाद पता - नमनकला गंगापुर 1016. निग राज प्रसाद लवनेश पिता/पति - श्री राम सुजान पता - गंगापुर खुर्द अबिकापुर 1017. मीता पिता/पति - महावीर राजवाड़े पता- मंहगाई सूरजपुर 1018. रवि भूषण दुबे पिता/पति - अरुण कुमार दुबे पता - होउसिंग बोर्ड कालोनी नमनकला 1019. मकसूद अहमद पिता/पति - मंजूर अहमद पता - बरेजपारा अम्बिकापुर 1020. दोमोनिक टोप्पो पिता/पति - मारकठा टोप्पो पता - बलरामपुर 1021. मानसी सिन्हा पिता/ पति- सचिन्द्र सिन्हा पता- गांधी नगर अम्बिकापुर 1022. सौरभ तिवारी पिता/पति - जितेंद्र तिवारी पता - बलरामपुर 1023. साक्षी केशरी पिता/पति - विजय कुमार गुप्ता पता - बसंत मार्ग इमलीपारा 1024. समृद्दि त्रिपाठी पिता/पति - आनंद प्रकाश त्रिपाठी पता - ब्रह्म रोड अम्बिकापुर 1025. कल्पनाथ भगत पिता/पति - स्व . रुपचन्द भगत पता- गांधी नगर सोनी मोहला ,**भोपाल संस्करण –** 1026. हर्षित सिंह राजपूत पिता\पति - बादल सिंह राजपूतभोपाल, 1027. रीना राजपूत पिता\पति - रनवीर गौरकरोदभोपाल, 1028. राम सिंह पिता\पति - देवी अफजल खान जिंसी,1029. सुखदेव पाटील पिता\पति- स्व नत्थू पाटीलन्यू बाग मुगलियाभोपाल, 1030. आनंद सिंह चावड़ा पिता\पति - मोहन सिंह भोपाल, 1031. साफिया पिता\पति - मो. शोयेब नियर वॉटर टैंकनवीन रंंभा नगरनिशातपुरा, 1032. भारती चौधरी पिता\पति - 53 नई जेल रोडरतन कॉलोनी करोद, 1033. मुश्ताक मो. खान पिता\पति - आॅफाक मो. खानश्रद्धा कॉलोनीनारियल खेड़ा, **जबलपुर संस्करण –** 1034. दीपक दुबे पिता\पति - श्री राजेंद्र दुबे कटनी, 1035. श्रीमती सरोज गुप्ता पिता\पति - कैलाश चंद गुप्ता जबलपुर, 1036. वैदेही तिवारी पिता\पति - मनीष तिवारी जबलपुर, 1037. पूनम शर्मा पिता\पति - श्री प्रणय कुमार शर्मा चेतना नगर अनूपपुर, 1038. देवांश कोटवानी पिता\पति - श्री अनिल कोटवानी अनूपपुर, 1039. प्रणय कुमार शर्मा पिता\पति - श्री गोविंद प्रसाद शर्मा चेतना नगर अनूपपुर, 1040. विमलेंद्र कुमार शर्मा पिता\पति - स्वः वसंत राम शर्मा वार्ड क्रमांक 14 पुरानी बस्ती अनूपपुर, 1041. जितेंद्र नंदवानी पिता\पति - राजल दास नंदवानी बाबा नारायण शाह वार्ड माधव नगर कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

संयुक्त टीम ने बस स्टैंड क्षेत्र में खाद्य पदार्थों की सघन जांच की

# अमानक मिठाइयों को मौके पर नष्ट कराया गुणवत्ता जांच के लिए नमूने प्रयोगशाला भेजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी





खाद्य सुरक्षा एवं प्रशासन विभाग की संयुक्त टीम ने बस स्टैंड क्षेत्र में खाद्य पदार्थों की सघन जांच की। टीम ने निरीक्षण के दौरान बस स्टैंड स्थित भगवती बीकानेरी स्वीट्स एवं नमकीन में फफूंद लगा हुआ लगभग 5 किलोग्राम कलाकंद पाया। साथ ही 2 किलोग्राम मलाई बार भी पुराना एवं बासी अवस्था में पाया गया। गुणवत्ता की जांच के लिए हेमंत डेयरी धमतरी से पनीर का नमूना भी संकलित कर प्रयोगशाला भेजा गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी फनेश्वर पिथौरा ने उक्त अमानक मिठाइयों को मौके पर ही नष्ट कराया। गुणवत्ता जांच के लिए मिठाइयों के नमूने संकलित कर प्रयोगशाला परीक्षण के लिए प्रेषित किए गए हैं। टीम ने बस स्टैंड क्षेत्र एवं डेयरियों का निरीक्षण करते हुए पाया कि कुछ स्थानों पर ताजा पनीर का निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ ही ट्रैवल्स संचालकों, बस स्टैंड स्थित दुकानदारों एवं जिले में कार्यरत विभिन्न कैटरिंग सेवा संचालकों से बाहर से आयातित एनालॉग पनीर के संबंध में पूछताछ की गई तथा इसकी संभावित आपूर्ति की पतासाजी की जा रही है।

खबर संक्षेप



## मुल्ले में पंथी नृत्य प्रतियोगिता 25 से 27 दिसंबर को मड़ई

**जीजामगांव।** बाबा गुरु घासीदास जयंती पर ग्राम मुल्ले में सतनामी समाज एवं ग्रामवासियों के सहयोग से पंथी नृत्य प्रतियोगिता 25 एवं 26 दिसम्बर को आयोजित की गई है। प्रतिभागी मंडलियों को पुरस्कृत किया जाएगा। पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार 7001 रुपये, द्वितीय 5001, तृतीय 3001 रुपये तथा महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार 5001 रूपये, द्वितीय 3001 रूपये, तृतीय पुरस्कार 2001रूपये दिया जायेगा। सर्वश्रेष्ठ मीनार, गायन, वादन, अनुशासन, वेशभूषा पर 201 रूपये दिया जायेगा। 27 दिसंबर शनिवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए मया के संदेश नाच पार्टी कोल्दा बागबाहरा का कार्यक्रम होगा। आयोजन की तैयारी में देवकुमार बघेल उपाध्यक्ष, बहुरराम कोसले कोषाध्यक्ष, युगेश चतुर्वेदी सचिव, प्रहलाद कोठारे, गुलाब रात्रे, राजकुमार कोठारे, किन्नु बांधे, विक्रम कोठारे, जितेन्द्र चतुर्वेदी, उमेश मारकंडे, विष्णु चतुर्वेदी, शेखर लहरे, छन्नूराम चतुर्वेदी जुटे हुए हैं। यह जानकारी अध्यक्ष रत्तीलाल कोठारे ने दी।

### नोटिस के बाद भी कार्रवाई शून्य, राहगीर हो रहे परेशान, पार्किंग की आ रही समस्या

# मगरलोड में प्रतिष्ठान के सामने फुटपाथ पर अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

ब्लाक मुख्यालय में यातायात व्यवस्था बदहाल है। नगर पंचायत मगरलोड भैंसमुंडी में सड़क चौड़ीकरण किया गया है। चौड़ीकरण की चपेट में आए व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के संचालकों को शासन से मुआवजा राशि प्रदान कर मकान तोड़ा गया था। सड़क चौड़ीकरण होने के बाद अब मुआवजा राशि को लेकर कई व्यवसायी यहां मकान निर्माण कर सड़क एवं फुटपाथ में टिन शेड लगाकर व्यवसाय कर रहे हैं। नगरवासियों ने सड़क पर से कब्जा हटाने, फुटपाथ से व्यावसायिक ठेला, व्यावसायिक बोर्ड हटाने की मांग की है। नागरिकों ने बताया कि कुछ लोगों ने अपने प्रतिष्ठान के सामने फुटपाथ पर अतिक्रमण कर पक्का



मकान भी बना लिया है। अधिकांश जगह में ठेला व व्यवसायिक बोर्ड लगाकर व्यवसाय किया जा रहा है। इससे सड़क फिर से संकरी हो गई है। आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। अतिक्रमण से राहगीरों का सफर करना मुश्किल हो गया है। पार्किंग की समस्या आ रही है। नगर पंचायत के जवाबदार अधिकारी गंभीर नहीं है। फुटपाथ में व्यायसायिक बोर्ड व टिन शेड लगाकर व्यवसाय कर रहे हैं। नगर पंचायत ने व्यवसायियों को







सड़क और फुटपाथ से ठेला, टिन शेड व व्यावसायिक बोर्ड तीन दिवस के भीतर हटाने व नहीं हटाने पर कड़ी करवाई करने का नोटिस तो थमाया है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। कुछ व्यापारियों ने दुकानें फुटपाथ से सड़क तक फैलाई हुई हैं। बाजार में व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासनिक हस्तक्षेप और नियमित अभियान जरूरी है। नगर पंचायत के मुख्य मार्ग पर दोनों ओर फुटपाथ तो हैं, लेकिन उनका असली उपयोग नहीं हो पा रहा है। व्यावसायिक बोर्ड, टिन शेड पूरी जगह घेर रखा है। सोमवार को जब मगरलोड का बाजार लगता है तो पैदल चलने वालों के लिए कोई जगह नहीं बचती। फुटपाथ पर कब्जा के कारण लोग सड़क पर चलने को मजबूर हैं। लोगों का कहना है कि प्रशासन को फुटपाथ को मुक्त कराकर बाजार का सुचारु रूप से संचालन करना चाहिए।

### अधिकारी ने कॉल रिसीव नहीं किया

इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी अशोक चौहान से जानकारी लेने मोबाइल फोन पर संपर्क किया गया लेकिन कॉल रिसीव नहीं करने की स्थिति में उनका पक्ष नहीं लिया गया।

### फुटपाथ से अतिक्रमण हटाएं

इस मामले में पार्षद खिलावन साहू ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने पैदल चलने के अधिकार को मौलिक अधिकार बताया है। ऐसे में प्रशासन को फुटपाथ को अतिक्रमण मुक्त बनाकर सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए।

### सड़कें हुई संकरी, हर कोई परेशान

साहित्यकार पुनूराम साहू ने कहा कि फुटपाथ में व्यावसायिक बोर्ड एवं टिन शेड लगाकर व्यवसाय करने से सड़कें संकरी हो गई हैं और हर कोई परेशान है। नगर पंचायत द्वारा कभी-कभार कार्रवाई की नोटिस दे देता है, लेकिन करवाई नहीं होने से अतिक्रमणकारियों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। इससे दुर्घटना हो रहा है। दुर्घटना में कई लोगों की जान भी चली गई है।

### जुर्माने की नीति अपनाएं

पूर्व पार्षद दिलीप सिन्हा ने कहा कि नगर पंचायत के फुटपाथ की हालत बेहद खराब है। यहां पैदल चलना मुश्किल हो गया है। अगर प्रशासन नियमित रूप से अभियान चलाएं और जुर्माने की नीति अपनाएं यानी पहले दिन 500, फिर 1000 रुपये तो कुछ लोग सुधर जाएंगे। जब तक सख्ती नहीं होगी, अतिक्रमण पर लगाम लगाना मुश्किल है।

### सड़क पर लग रहा जाम

होटल व्यवसाई दुर्गा सिन्हा ने कहा कि फुटपाथ पर पैदल चलने की जगह नहीं है। नगर के मुख्य मार्ग में फुटपाथ तो हैं, लेकिन जनता के लिए नहीं, कुछ दुकानदारों के लिए। सारा फुटपाथ दुकानदारी में बदल चुका है। सड़क पर कभी जाम, कभी आवारा पशु नजर आ जाते हैं, फिर हम कैसे चलें। फुटपाथ का उद्देश्य पैदल यात्रियों को सुरक्षित रास्ता देना है, न कि व्यवसाय के लिए कब्जा करना।

## नगरी ब्लॉक की 18 भवनविहीन शालाओं का मुद्दा विधानसभा में उठा

- विधायक अंबिका मरकाम ने सरकार को घेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

नगरी विकासखंड में संचालित 18 प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं की भवनविहीन और जर्जर स्थिति का गंभीर मुद्दा बुधवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा में गूंजा। सिहावा विधायक अंबिका मरकाम ने नियम 138(1) के तहत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव प्रस्तुत कर स्कूल शिक्षा मंत्री का ध्यान इस संवेदनशील विषय की ओर आकृष्ट किया।



विधायक मरकाम ने सदन में कहा कि नगरी विकासखंड की 18 शालाएं अपने स्वयं के भवन के अभाव में आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक भवन, मंदिर, निजी मकान एवं अन्य शासकीय भवनों में संचालित हो रही हैं। इन अस्थायी व्यवस्थाओं में कक्षाओं के लिए पर्याप्त स्थान, शौचालय, पेयजल, खेल मैदान, प्रयोगशाला और पुस्तकालय जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है, जिससे बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा और स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

उन्होंने बताया कि कई स्कूलों में संकरे कमरों और बरामदों में कक्षाएं लग रही हैं, जहां न तो समुचित प्रकाश है और न ही वेंटिलेशन। बरसात और गर्मी के मौसम में जर्जर भवनों में दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, जिससे नियमित पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। विधायक ने मांग की कि सभी 18 भवनविहीन शालाओं के लिए प्राथमिकता के आधार पर नए भवनों की स्वीकृति दी जाए और बजट शीघ्र जारी किया जाए। साथ ही, नए भवन बनने तक सुरक्षित वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

जवाब में स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने बताया कि नगरी विकासखंड में 16 प्राथमिक और 2 पूर्व माध्यमिक शालाएं जर्जर स्थिति में हैं। इनमें से अधिकांश मरम्मत योग्य हैं और बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो, इसके लिए सामुदायिक एवं निजी भवनों में कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। नए भवन निर्माण के प्रस्ताव शासन को भेजे जा चुके हैं, जिनमें से कुछ को प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है।

पूरक प्रश्न में विधायक मरकाम ने पिछले दो वित्तीय वर्षों में किए गए बजट प्रावधानों की जानकारी मांगी। यह मुद्दा आदिवासी अंचल में सरकारी स्कूलों की आधारभूत संरचना की वास्तविक स्थिति को उजागर करता है।

## औद्योगिक वार्ड में बोर खनन के लिए हुआ भूमिपूजन



**धमतरी।** औद्योगिक वार्ड में बोर खनन के लिए भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर औद्योगिक वार्ड पार्षद रामेश्वर छोटू वर्मा, टिकरापारा वार्ड के पार्षद मदन नेवारे समेत बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद थे।

## जोरातराई में घासीदास जयंती मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

ग्राम जोरातराई में गुरु घासीदास बाबा की जयंती धूमधाम से मनाई गई पूर्व जनपद सभापति परमेश्वरी साहू ने पूजा-अर्चना कर ध्वजा फहराया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बाबाजी की प्रेरणा और उनका संदेश महत्वपूर्ण है। मानव समाज के कल्याण के लिए उनका हर वचन सार्थक है। इसे अपने जीवन में उतारने की आवश्यकता है।



मौके पर सरपंच श्रीमती पूर्णिमा साहू, उपसरपंच ईश्वर निषाद, पूर्व सरपंच खेलावन, घसिया कुर्रे, भगुन राम, नोनीबाई कुर्रे, अहिल्या मेहता, देवनारायण साहू, पंच बालमुकुंद साहू, पंच मोहन वैष्णव, नंदकुमार हिरवानी, मंथीरा साहू, इंदल कुर्रे, खिलामन कुर्रे द्वारा जैतखाम में पालो चढ़ाया गया एवं सतनाम सेवा के बारे में अपने विचार रखे।

## राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष से नगर हित पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

नगर आगमन पर राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद का नगर पंचायत एवं सामाजिक संगठनों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। स्वागत के बाद पिछड़ा वर्ग समाज से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन से चर्चा के दौरान शिक्षा, रोजगार, सामाजिक न्याय, कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अन्य विषयों से अध्यक्ष को अवगत कराया गया।



आयोग अध्यक्ष जनप्रतिनिधियों, लोगों की बातों को गंभीरता से सुना और शासन के लोक कल्याणकारी विषयों पर चर्चा की।

## अग्निवीर भर्ती रैली : एसडीएम, एएसओ ने किया प्रशिक्षण अकादमी का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बगदेही(धमतरी)

जिले में होने वाली आगामी अग्निवीर भर्ती रैली को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा पूरे जिले में संचालित प्रशिक्षण अकादमी का दौरा किया जा रहा है ताकि जिले से अधिक से अधिक प्रशिक्षार्थियों का चयन हो सके एवं शारीरिक प्रशिक्षण में आने वाली वाली समस्या का समाधान किया जा सके। इसके लिए धमतरी जिले में कुल चौदह आर्मी भर्ती प्रशिक्षण अकादमी में युवाओं को ट्रेनिंग दी जा रही है। फ्रीडम फिजिकल अकादमी भखारा में समीर गौर द्वारा, डीजी



ट्रेनिंग अकादमी कोर्रा में गुलशन साहू द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शुक्रवार को एसडीएम पीयूष तिवारी एवं एएसओ जेपी देव ने ट्रेनिंग अकादमी का आकस्मिक दौरा किया। अटलबिहारी वाजपेई स्टेडियम भखारा में डीजी ट्रेनिंग अकादमी कोर्रा एवं फ्रीडम फिजिकल अकादमी भखारा के प्रशिक्षार्थियों से आगामी अग्निवीर भर्ती रैली के संबंध में बातचीत कर ट्रेनिंग का निरीक्षण किया गया। शारीरिक दक्षता के लिए टिप्स दिए गए।

## कर्मचारियों को प्रति माह समय पर मिल रहा वेतन : मंगलू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

नगर पालिक निगम धमतरी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मंगलू निर्मलकर ने कहा है कि वर्तमान में नगर निगम के सभी कर्मचारियों को प्रति माह नियमित एवं समय पर वेतन का भुगतान किया जा रहा है।



उन्होंने बताया कि हाल ही में आयुक्त के चिकित्सा अवकाश पर रहने के कारण वेतन भुगतान में कुछ दिनों का अल्पकालिक विलंब अवश्य हुआ था, किंतु इस विषय को लेकर कुछ लोगों द्वारा अनावश्यक भ्रम फैलाया जा रहा है, जो तथ्यात्मक रूप से सही नहीं है। अध्यक्ष मंगलू निर्मलकर ने स्पष्ट किया कि दीपावली पर्व के अवसर पर शासन के निर्देशानुसार निगम कर्मचारियों को दो माह का वेतन एक साथ प्रदान किया गया था।

उन्होंने कहा कि पूर्व में वेतन भुगतान में देरी के कारण कर्मचारियों को आर्थिक व मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ता था, लेकिन वर्तमान निगम प्रशासन के सकारात्मक प्रयास से इस व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। समय पर वेतन मिलने से कर्मचारियों का मनोबल बढ़ा है और वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं।

## पिछली बार ई-स्कूटी खरीदी, इस बार पुत्र के विवाह में खर्च करेंगे राशि

- बोड़रा के किसान हंसराज ने समर्थन मूल्य पर धान विक्रय कर अपनी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

छग सरकार की किसान हितैषी नीतियां आज ग्रामीण जीवन में सकारात्मक बदलाव की मजबूत मिसाल बन रही हैं। ऐसी ही एक कहानी है ग्राम बोड़रा के मेहनती किसान हंसराज साहू की, जिन्होंने समर्थन मूल्य पर धान विक्रय की पारदर्शी व्यवस्था का लाभ उठाकर न केवल अपनी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ की, बल्कि आधुनिक जीवनशैली की ओर भी सार्थक कदम बढ़ाया।

हंसराज साहू ने बताया कि पिछले खरीफ सत्र में उन्होंने



संबलपुर सहकारी समिति में समर्थन मूल्य पर धान का विक्रय किया था। धान विक्रय के पश्चात प्राप्त राशि से उन्होंने एक ई-स्कूटी खरीदी। यह ई-स्कूटी उनके लिए केवल एक वाहन नहीं, बल्कि समय, सुविधा और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बन गई है। ई-स्कूटी के उपयोग से ईंधन खर्च में कमी आई है और समय की भी उल्लेखनीय बचत हो रही है, जिससे वे अपने कार्यों को अधिक कुशलता से कर पा रहे हैं। श्री साहू के पास कुल 2 एकड़ 25 डिसमिल कृषि भूमि है, जिसमें वे पारंपरिक अनुभव और आधुनिक कृषि समझ के साथ धान की खेती करते हैं। इस वर्ष उन्होंने समर्थन मूल्य पर कुल 46 क्विंटल 40 किलोग्राम धान का विक्रय किया है। श्री साहू ने बताया कि इस वर्ष धान विक्रय से प्राप्त राशि का उपयोग वे अपने पुत्र के विवाह जैसे महत्वपूर्ण पारिवारिक कार्य में करेंगे, जिससे परिवार में खुशियों का माहौल है।

उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि किसान तुंहर टोकन मोबाइल ऐप के माध्यम से धान बेचने की प्रक्रिया अत्यंत सरल, पारदर्शी और किसान अनुकूल हो गई है। अब पंजीयन से लेकर विक्रय तक किसानों को अनावश्यक परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता।

## नशे से दूर रखने की दिलाई शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

रजत जयंती महोत्सव अंतर्गत समाज कल्याण विभाग के बैनरतले दिव्यांग प्रेरणा जनकल्याण समिति धमतरी एवं बालाजी दिव्यांग स्कूल के शिक्षक और शिक्षक स्टाफ को सेवानिवृत्त शिक्षक घनश्याम सिंह साहू ने नशामुक्त भारत अभियान अंतर्गत लोगों को नशे से दूर रखने की शपथ दिलाई। इस बीच दिव्यांगजनों ने नशामुक्त के पोस्टर बनाये और स्लोगन का वाचन किय। कार्यक्रम में खेमराज साहू, बसंत कुमार विश्नोई, संतोषी, रोहित, डेरहाराम, होलाराम, रामेश्वरी, सुलेखा अली, सोमन, मिलाप, भोलाराम और बालाजी दिव्यांग स्कूल के स्टाफ उपस्थित रहे।

## शहीद वीरनारायण का बलिदान हम सबके लिए प्रेरणादायक : अंगिरा

- मथुराडीह में आदिवासी गोंड़ समाज ने मनाया शहादत दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ग्राम मथुराडीह में आदिवासी गोंड़ समाज द्वारा छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह का शहादत दिवस मनाया गया।गोंडी नृत्य करते हुए कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा गोंडवाना भवन अछोटा से प्रारंभ होकर ग्राम मथुराडीह बूढ़ादेव मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव शामिल हुईं।



इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष ने शहीद वीरनारायण सिंह के जीवन और संघर्ष को याद करते हुए कहा कि उन्होंने गरीबों और किसानों के हक के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उन्होंने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ संघर्ष कर छत्तीसगढ़ महतारी का मान बढ़ाया। उन्होंने समाज से आह्वान किया कि वे वीर नारायण सिंह के बताए रास्ते पर चलकर सामाजिक एकता और विकास के लिए कार्य करें। उन्होंने समाज के युवाओं से उनके विचारों को अपनाकर शिक्षा, एकता और समाज सेवा के मार्ग पर आगे बढ़ने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में रामसाय नेताम अध्यक्ष आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज परिक्षेत्र जवरगांव, जयपाल ठाकुर तहसील अध्यक्ष, कृष्णा नेताम, कन्हैया मरकाम, राधव नेताम, देवनारायण नेताम, दिलीप मरकाम, बसंती नेताम सरपंच मथुराडीह, भूमिका कोर्राम, रमी गौतम, ओमप्रकाश नेताम, पूरण सिंह ध्रुव, दुर्जन ठाकुर मौजूद थे।



## खबर संक्षेप

### महापौर की गाड़ी के सामने लेटना लोकतांत्रिक मर्यादाओं का उल्लंघन : मेघराज



**धमतरी।** भाजपा पार्षद मेघराज ठाकुर ने कहा कि पुनर्वास के नाम पर स्टेशनपारा के कुछ लोगों को साथ लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा नगर निगम कार्यालय के सामने महापौर रामू रोहरा की गाड़ी के सामने लेट जाना निंदनीय, दुर्भाग्यपूर्ण एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध है। विरोध के नाम पर इस प्रकार का प्रदर्शन न केवल कानून-व्यवस्था को चुनौती देता है, बल्कि शहर की शांति, प्रशासनिक व्यवस्था और जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा पर भी गंभीर प्रश्न खड़े करता है। आगे कहा कि महापौर रामू रोहरा नगर निगम में पारदर्शी प्रशासन, विकास कार्यों और जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। आगे कहा कि लोकतंत्र में विरोध करना सभी का अधिकार है, लेकिन विरोध की भी एक गरिमा, मर्यादा और संवैधानिक सीमा होती है। किसी निर्वाचित जनप्रतिनिधि की गाड़ी के सामने लेटना न तो स्वस्थ राजनीति का उदाहरण है और न ही इससे किसी समस्या का समाधान निकलता है।

### पीपरछेड़ी में शिव महापुराण कथा 3 से



**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम पीपरछेड़ी में साहू परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से संगीतमय सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन 3 से 9 जनवरी तक किया गया है। कथावाचक पं. शिवानंद महाराज पंचमुखी शिव मंदिर महिमासागर वार्ड धमतरी शिव की महिमा का बखान करेंगे। 3 जनवरी को शिव पुराण एवं कलशयात्रा निकली जायेगी । 4 को सृष्टि विस्तार शिवलिंग प्राकृतिक, 5 को शिवलिंग शिव भक्तों की कथा, 6 को सीता जन्म, सती चरित्र, 7 को पार्वती जन्म, शिव पार्वती विवाह, 8 को महाकाली अवतार एवं 9 जनवरी शुक्रवार को कार्तिक गणेश जन्म एवं रुद्राक्ष का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम को गति प्रदान करने में बाबूराम साहू सेनि पोस्टमास्टर, परतोष, सरस्वती, महितोष, वंदना साहू, संतोष, सुषमा साहू, विष्णु, ईश्वर, दशरथ, गैंदराम, कान्हा, सोमेश्वर, नेतराम जुटे हुए हैं।

### जोरातरई में टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट 26 से

**नगरी।** ग्राम जोरातरई में नव जागृति क्रिकेट क्लब द्वारा सीजन 13 के तहत 7 दिवसीय ग्रामीण स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 26 दिसंबर से 1 जनवरी तक किया गया है। टूर्नामेंट में प्रवेश लेने की तिथि 20 दिसंबर तक है। प्रथम पुरस्कार 12,026 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 3,025 रुपये, तृतीय पुरस्कार 7,025 रुपये तथा चतुर्थ पुरस्कार 1,525 रुपये रखे गए हैं। सभी विजेता टीमों को ट्रॉफी और आकर्षक सम्मान भी प्रदान किए जाएंगे।

---

छुट्टी के दिन अवैध कटाई से मचा हड़कंप

# तहसील परिसर में देवतुल्य पीपल पर चली आरी

## बकरी को चारा खिलाने पिकअप में भरकर ले गए पत्ते, अधिवक्ताओं में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

तहसील कार्यालय परिसर में लगे दो पीपल वृक्षों में से एक के दो बड़े-बड़े डंगाल (मोटी शाखाएं) को छुट्टी के दिन काटकर धराशायी कर दिया गया। कटी हुई शाखाओं के पत्तों को पिकअप वाहन में लादकर बकरी चारे के लिए ले जाया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यह घटना गुरुवार अवकाश के दिन सुबह करीब 11 बजे की है। एक छोटा पिकअप वाहन तहसील कार्यालय परिसर के भीतर ले जाया गया, जहां पहले से काटे गए पीपल के डंगालों के पत्तों को लोड किया गया और फिर बेखौफ होकर वाहन बाहर निकल गया। हैरानी की बात यह है कि पेड़ काटने के लिए किसी भी सक्षम प्राधिकारी से अनुमति नहीं ली गई।

इस मामले की जानकारी तहसील के अधिवक्ताओं को अगले दिन लगी। अधिवक्ता सचिन जाचक, कैलाश साहू, अजय कुंभकार, संदीप भारद्वाज, यदुनंदन



सिन्हा, तोरण तिवारी, महेश्वर महिलांगे, प्रदीप तिवारी, हेमलाल निर्मलकर, रजनीश पांडे सहित अन्य अधिवक्ताओं ने नाराजगी जताते हुए कहा कि बिना सूचना और अनुमति के हरे-भरे पीपल वृक्ष के डंगाल काट दिए गए, जो निंदनीय है।





### तहसील कार्यालय में पानी का भीषण संकट

एक ओर जहां तहसील परिसर में पेड़ कटाई का मामला तूल पकड़ रहा है, वहीं दूसरी ओर तहसील कार्यालय में पानी का भी गंभीर संकट सामने आया है। अधिवक्ताओं का कहना है कि कार्यालय का बोर फेल हो चुका है, जिससे अधिवक्ता, कर्मचारी और दूर-दराज से आए नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं अधिवक्ताओं ने आपसी सहयोग से एक चौकीदार को पानी पिलाने की व्यवस्था के लिए रखा है, जो बाहर से पानी भरकर लाता है। पानी को बोतलों और बाल्टियों में भरकर लोगों को पिलाया जा रहा है। पानी की कमी के चलते शौचालयों से दुर्गंध उठ रही है।

अधिवक्ताओं ने बताया कि शिकायत दर्ज कराने वे एसडीएम कार्यालय पहुंचे, लेकिन एसडीएम के अनुपस्थित रहने पर अधीनस्थ कर्मचारियों से शिकायत की गई। तहसीलदार सूरज बंछोर को भी घटना से अवगत कराया गया, जिन्होंने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। अतिरिक्त तहसीलदार कुसुम प्रधान को भी लिखित शिकायत सौंपी गई।

इधर तहसील कार्यालय के चपरासी का कहना है कि छुट्टी के दिन भी वह साफ-सफाई के लिए नियमित रूप से आते हैं। उन्होंने बताया कि जब उन्होंने चैनल गेट खोला, तब वाहन पहले से परिसर में मौजूद था। पीछे का गेट संकरा होने के कारण वाहन वहां से नहीं निकल सकता। प्रत्यक्षदर्शियों का दावा है कि पिकअप वाहन सामने के चैनल गेट से ही अंदर गया और वहीं से पीपल के पत्ते लेकर बाहर निकला। अधिवक्ताओं का कहना है कि चपरासी की अनुमति के बिना कोई भी वाहन परिसर में प्रवेश नहीं कर सकता, जिससे मामला और संदिग्ध हो गया है।

अधिवक्ताओं ने प्रशासन से मांग की है कि पीपल वृक्ष की अवैध कटाई के मामले में दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, साथ ही तहसील कार्यालय में तत्काल स्थायी जल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन और कर्मचारियों को राहत मिल सके।

---

# 1 लाख 10 हजार 553 बच्चे पीयेंगे पोलियो की दवा

- जिले में पल्स पोलियो अभियान 21 दिसम्बर को, 772 पोलियो बूथ बनाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जिले में बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान का आयोजन 21 दिसम्बर को किया जाएगा। इस अभियान अंतर्गत जिले के 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक उनके निकटतम निर्धारित पोलियो बूथ पर पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। जिले में कुल 772 पोलियो बूथ के माध्यम से 1 लाख 10 हजार 553 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान को सफल बनाने स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के साथ-साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, कोटवार, प्रशिक्षु महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता तथा पैरामेडिकल विद्यार्थियों की ड्यूटी लगाई गई है।

पोलियो की दवा की समय पर उपलब्धता और कार्य की प्रभावी निगरानी के लिए सभी पोलियो बूथों को सेक्टरों में विभाजित किया गया है तथा प्रत्येक सेक्टर के लिए एक पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। इसके अलावा सभी विकासखण्डों को जोन में विभाजित कर जिला स्तर के अधिकारियों को निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। ग्रामीण क्षेत्र के साथ-साथ शहरी इलाकों में बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भी पोलियो बूथ बनाए गए हैं। वहीं खदानों, ईंट-भट्टों, छात्रावासों, मदरसों एवं छूटे हुए क्षेत्रों में बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने हेतु ट्रांजिट टीमों एवं मोबाइल टीमों का गठन किया गया है। प्रथम दिवस 21 दिसम्बर को बूथों पर दवा पिलाने के पश्चात 22 एवं 23 दिसम्बर को सभी कार्यकर्ता घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगे।

---

# श्रद्धा और उल्लास से मनाई गई बाबा घासीदास की जयंती



- नगर के विभिन्न वार्डों में सतनामी समाज ने आयोजित किए कई कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

गुरु घासीदास जयंती कुरूद नगर में श्रद्धा, आस्था और सामाजिक समरसता के वातावरण में हर्षोल्लास से मनाई गई। इस अवसर पर कुरूद नगर के विभिन्न वार्डों में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए कुरूद विधायक अजय चन्द्राकर, नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर, विधायक प्रतिनिधि भानू चंद्राकर ने नगरवासियों तथा सतनामी समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को जयंती की शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम के दौरान बाबा गुरु घासीदास के आशीर्वाद से नगर-क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहे, ऐसी प्रार्थना की गई। इस दिन नगर के कई वार्डों में सतनामी समाज द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन आयोजनों में भजन, सत्संग और सामाजिक एकता का संदेश दिया गया। जनप्रतिनिधियों ने प्रत्येक वार्ड में पहुंचकर लोगों से संवाद किया और बाबा गुरु घासीदास के विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया।

### बाबा के विचार आज भी प्रासंगिक हैं : अजय

विधायक अजय चन्द्राकर ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने मानवता, समानता और सत्य के मार्ग पर चलने की शिक्षा दी। आयोजन समाज को जोड़ने और नई पीढ़ी को संस्कार देने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि बाबा के विचार आज भी प्रासंगिक हैं और सामाजिक भेदभाव को समाप्त करने में मार्गदर्शक हैं।

### बाबा ने दिया मनखे-मनखे एक समान का संदेश: ज्योति

नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर ने कहा कि गुरु घासीदास का संदेश मनखे-मनखे एक समान आज के समय में और भी अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। गुरु घासीदास जयंती कुरूद के माध्यम से सामाजिक समरसता और भाईचारे का संदेश पूरे नगर में प्रसारित हुआ है।

---

### जिपं अध्यक्ष ने किया स्कूल का निरीक्षण

**नगरी।** जिला पंचायत अध्यक्ष ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, कक्षाओं की स्थिति, शिक्षकों की उपस्थिति एवं विद्यार्थियों की पढ़ाई के स्तर की जानकारी ली। इस अवसर पर सरपंच आमगांव कमितला ध्रुव, भुरसीडोंगरी के वेदकुमार गंजीर एवं सतीश साहू उपस्थित थे। अध्यक्ष ने विद्यालय प्राचार्य को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि शिक्षण व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए और विद्यार्थियों की पढ़ाई सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं का सही उपयोग करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित की जाए।

---

# राखी में घासीदास जयंती पर निकली शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

ग्राम पंचायत राखी में इस वर्ष भी सतनामी समाज द्वारा 18 दिसम्बर को गुरु घासीदास बाबा की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर पारंपारिक बाजे- गाजे, और सफ़ेद झंडों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सरपंच रुक्मणि लेखनारायण साहू थीं। इस दौरान उन्होंने बाबा गुरु घासीदास की प्रतिमा पर माथा टेककर आशीर्वाद लिया और ग्रामवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली की कामना की। समारोह में सतनामी समाज प्रमुख अध्यक्ष तुलाराम सतनामी, कोषाध्यक्ष गुल्लेद सतनामी, संरक्षक सेवा सतनामी, कुमार सतनामी, देवकरण सतनामी, तुका सतनामी, रामेश्वर कुमार सतनामी,पंचराम मनहरे, तुलेश्वर मनहरे, तुलेश्वर राज सतनामी, दुष्यंत सतनामी, कोमेश सतनामी, दशरथ सतनामी, गोपी सतनामी, कुलेश्वर सतनामी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

---

# पारंपरिक वेशभूषा एवं ढोल-नगाड़ों की थाप पर किया पंथी नृत्य



- भखारा में गुरु घासीदास जयंती पर निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

गुरु घासीदास जयंती पर भखारा नगर में सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। भठेली में भी मुख्य मार्गों से शोभायात्रा निकाली गयी। इस अवसर पर आयोजित पंथी नृत्य में विभिन्न क्षेत्रों से आई टीमों ने भाग लिया और अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। पारंपरिक वेशभूषा एवं ढोल-नगाड़ों की थाप पर प्रस्तुत पंथी नृत्य ने पूरे वातावरण को भक्तिमय एवं उल्लासपूर्ण बना दिया।

जयंती पर नगर में भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई, जिसमें समाज के सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली, जहां जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। बैनर-पोस्टर, पारंपरिक झांकियां और जयघोषों से नगर बाबा गुरु घासीदास के संदेशों से गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान बाबा गुरु घासीदास के संदेश मनखे-मनखे एक समान को आत्मसात करने का आह्वान किया गया।

कार्यक्रम के अतिथि ज्योति जैन, उपाध्यक्ष विष्णु साहू, पार्षदगण छबिलाल निर्मलकर, चांदनी साहू ,गौतमी पटेल, ईश्वरी सोनवानी, केडी सोनवानी, रजवा राम ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में एकता, समरसता और सांस्कृतिक विरासत को सुदृढ़ करते हैं।

---

# वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट से नियमित व भरपूर पेयजल आपूर्ति शुरू

- वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट की विशेषज्ञों द्वारा की जा रही निरंतर मॉनिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहरवासियों के लिए राहत की खबर है। महानदी मुख्य नहर के किनारे स्थित महिमा सागर वार्ड में संचालित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट से अब धमतरी शहर को नियमित एवं भरपूर पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित हो गई है। हाल ही में उत्पन्न तकनीकी समस्या का समय रहते समाधान कर लिया गया, जिससे जल आपूर्ति व्यवस्था पुनः पूरी क्षमता के साथ सुचारू हो गई है।

कुछ दिन पूर्व वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के पैनल में तकनीकी कारणों से आग लगने की घटना सामने आई थी। नगर निगम प्रशासन की तत्परता और जल विभाग की सक्रियता से मात्र एक दिन में पैनल की मरम्मत कर ली गई। सुधार कार्य पूर्ण होते ही शहर में पहले की तरह भरपूर मात्रा में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति प्रारंभ कर दी गई, जिससे नागरिकों को किसी प्रकार की



असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा।

जल विभाग सभापति एवं एमआईसी सदस्य अखिलेश सोनकर ने बताया कि नगर निगम की प्राथमिकता शहरवासियों को वर्षभर, विशेषकर गर्मी के मौसम में निर्बाध पेयजल उपलब्ध कराना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट की विशेषज्ञों द्वारा निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है। साथ ही अधिकारी एवं कर्मचारी प्रतिदिन स्वयं स्थल पर जाकर निरीक्षण कर रहे हैं और किसी भी प्रकार की छोटी से छोटी तकनीकी समस्या को तत्काल सुधारने के निर्देश दिए गए हैं।

इसी क्रम में जल आवर्धन योजना अंतर्गत निर्माणाधीन नए वाटर फिल्टर प्लांट एवं पुराने 14 एमएलडी फिल्टर प्लांट का जल विभाग सभापति अखिलेश सोनकर ने प्रभारी आयुक्त के साथ औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की गुणवत्ता, तकनीकी मानकों, पाइपलाइन कनेक्टिविटी एवं मशीनरी की स्थिति का गहन परीक्षण किया गया। आवश्यक सुधारों के लिए मौके पर ही दिशा-निर्देश जारी किए गए, जिससे कार्य समयबद्ध एवं उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण हो सके।

सभापति श्री सोनकर ने कहा कि नगर निगम प्रशासन स्वच्छ, सुरक्षित और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। निरीक्षण और सतत निगरानी के माध्यम से जल शोधन क्षमता बढ़ाई जा रही है, जिससे आने वाले समय में शहरवासियों को बेहतर दबाव और उच्च गुणवत्ता का पानी उपलब्ध हो सके। निरीक्षण के दौरान उप कमिश्नर पीसी सार्वा, पार्षद कुलेश सोनी, महेंद्र जगत, कमलेश ठाकुर, राजेंद्र निर्मलकर एवं पंचराम सिंह उपस्थित थे।

---

# संगीत प्रतियोगिता में हिमांश तृतीय रहे



हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

केंद्रीय विद्यालय कुरूद की कक्षा छठवीं के छात्र हिमांश कुमार साहू ने रूट्स टू रूट, ऑल इंडिया इंटरस्कूल कंपिटिशन जैसी प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर की संगीत प्रतियोगिता में गायन के क्षेत्र में लगातार दूसरे वर्ष भी अपना स्थान सुरक्षित किया है। इस वर्ष भी वह अपनी सुमधुर आवाज से राष्ट्रीय स्तर के निर्णायकों को प्रभावित करने में सफल रहे और तृतीय स्थान प्राप्त किया। ज्ञात हो कि हिमांश कुमार पिछले वर्ष इसी प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान पर रहे थे। केंद्रीय विद्यालय कुरूद के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नभसिंह कोशले एसडीएम कुरूद ने उन्हें प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती ग्लोरिया मिंज, संगीत शिक्षिका श्रीमती उमाभारती एवं अन्य सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने उन्हें शुभकामनाएं दी। हिमांश कुमार ग्राम थूहा (नवागांव) में निवासरत सेवानिवृत्त अमीन पतिराम साहू के पोते व कोमल सिंह साहू शिक्षक और श्रीमती पुष्पलता साहू शिक्षिका के पुत्र हैं।

---

आरोपियों के कब्जे से हथियार सहित सांभर का मांस बरामद

# सांभर का शिकार करने वाले दर्जन भर आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



सांभर का शिकार करने वाले एक दर्जन ग्रामीणों को रिजर्व फरेस्ट की टीम ने गिरफ्तार किया है। उनके पास से शिकार करने में उपयोगी हथियार सहित सांभर का मांस बरामद किया गया। जब्त अवशेषों को फोरेंसिक लैब भेजने की तैयारी है।

एंटी पोचिंग टीम उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व गरियाबंद को 15 दिसंबर को शेशपगार जलप्रपात के पास गश्ती के दौरान वन्यप्राणी के खून के छींटे मिले थे। कैमरा ट्रैप फुटेज खंगालने एवं गोपनीय सूचना के आधार पर पतासाजी पर पता चला कि ग्राम सिहार के ग्रामीण 11 दिसंबर को डंड़ईपानी में आयोजित देवी-देवता जातरा कार्यक्रम में गये थे। दूसरे दिन 12 दिसंबर को सिहार के 12 व्यक्तियों ने मिलकर सीतानदी टाइगर रिजर्व के कुल्हाड़ीघाट परिक्षेत्र में 1 नर सांभर का तीर धनुष से शिकार किया और कच्चा मांस को आपस में बांटकर अपने-अपने घर ले गए। सबूतों के आधार पर आरोपियों के घर और बाड़ी की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान महादेव कमार उम्र 45 वर्ष पिता घान कमार के घर से तीर 2 नग, धनुष 1 नग, क्लच वायर के जंगली सुअर का फंदा 4, बृजलाल उम्र 34 वर्ष पिता नवलकमार के घर से तीर 4 नग, धनुष 2 नग, कांटा तीर 3 नग, जंगली सुअर का मांस 342 ग्राम, पुसऊ उम्र 32 वर्ष पिता गंगाराम कमार के घर से फंदा, राधेश्याम उम्र 25 वर्ष पिता नवल कमार घर से तीर 3 नग, धनुष 2 नग, वन्यप्राणी सांभर का मांस 168 ग्राम मांस, और 2 नग सांभर के सींग बरामद हुए जिसे सभी के समक्ष जब्त किया गया। पूछताछ के दौरान महादेव कमार, बृजलाल कमार ने जुर्म स्वीकार कर लिया।

---

रेडिएशन से सिर दर्द, चिड़चिड़ापन, हार्ट अटैक और स्नायु तंत्र से जुड़ी समस्याएं बढ़ रही

# शहर में 100 से अधिक मोबाइल टावर स्थापित



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर में मोबाइल टावरों की बेतहाशा बढ़ती संख्या अब आमजन के स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए गंभीर चिंता का विषय बनती जा रही है। महज 23 एकड़ क्षेत्रफल में फैले धमतरी शहर में 100 से अधिक मोबाइल टावर स्थापित हो चुके हैं, जबकि शहर की आबादी करीब डेढ़ लाख है। इतनी सघन आबादी के बीच इतने अधिक टावरों का होना विशेषज्ञों के अनुसार खतरनाक संकेत है।

जानकारी के अनुसार धमतरी शहर के 40 वार्डों में मोबाइल टावर का जाल फैला हुआ है। इनमें बीएसएनएल के 13 टावर शामिल हैं, जबकि निजी मोबाइल कंपनियों के 80 से अधिक टावर शहर के अलग-अलग हिस्सों में लगे हैं। स्थिति यह है कि अब मोबाइल टावर सिर्फ शहर के आउटर इलाकों तक सीमित नहीं रहे, बल्कि आवासीय कॉलोनियों, घनी बस्तियों और मकानों की छतों पर भी लगाए जा रहे हैं।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इन टावरों से निकलने वाला रेडिएशन 24 घंटे वातावरण में फैलता रहता है, जिससे लोगों में सिर दर्द, अनिद्रा, चिड़चिड़ापन, हार्ट अटैक, फेफड़ों की बीमारी और स्नायु तंत्र से जुड़ी समस्याएं बढ़ रही हैं। कई लोगों का दावा है कि पहले जहां ऐसी बीमारियां कम देखने को मिलती थीं, अब वे आम होती जा रही हैं। साथ ही लोगों की औसत आयु घटने और पशु-पक्षियों के इलाके छोड़कर दूर चले जाने की बातें भी सामने आ रही हैं।

शहर के नागरिक ओमशंकर कलिहारी, विजय कौशल, सुभाष गंगवारे, नारायण शुक्ला, द्वारका प्रसाद कुटारे सहित अन्य लोगों ने बताया कि उनकी एक ही बस्ती में दर्जनभर से अधिक मोबाइल टावर लगे हुए हैं। इससे लोग मानसिक रूप से तनावग्रस्त हो रहे हैं। आपसी विवाद बढ़ रहे हैं और नींद न आने जैसी समस्याएं आम हो गई हैं।

नागरिकों का आरोप है कि विरोध के बावजूद मोबाइल कंपनियों को अनुमति दी जा रही है। कंपनियां कथित रूप से लोगों को आर्थिक लालच देकर मकानों पर टावर खड़े कर रही हैं। इससे आमजन में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

शहरवासियों की मांग है कि मोबाइल टावरों को आबादी वाले क्षेत्र से हटाकर शहर के बाहर स्थापित किया जाए। यदि टावर लगाना आवश्यक हो, तो एंटीना ऊंचे और खुले स्थानों पर, मानव बस्ती से दूर लगाए जाएं। लोगों का कहना है कि समय रहते इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया, तो आने वाले समय में यह रेडिएशन धमतरी के लिए गंभीर स्वास्थ्य संकट बन सकता है।

## खबर संक्षेप

### भखारा में मानस सम्मेलन एवं लोककला महोत्सव

**अंवरी।** नगर पंचायत भखारा में युवा शक्ति सेवा संगठन द्वारा छत्तीसगढ़ रजत जयंती के अवसर पर 31 जनवरी एवं 1 फरवरी को मानस सम्मेलन एवं लोककला महोत्सव आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी में संरक्षक भुवन निर्मल समेत बस्ती पंचायत , अधिकारी कर्मचारी एसोसिएशन के सदस्य जुटे हैं।

### युवक-युवती परिचय सम्मेलन 21 को

**नगरी।** आदिवासी ध्रुव गोंड समाज द्वारा युवक-युवती परिचय सम्मेलन रविवार 21 दिसंबर को श्री बुढ़ादेव मंदिर प्रांगण ग्राम कर्णेश्वर देवपुरा (सिहावा) में रखा गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 11 बजे से होगा। आयोजन समिति ने बताया कि इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज में आपसी समन्वय को बढ़ावा देना तथा विवाह योग्य युवक-युवतियों को एक सशक्त और सकारात्मक मंच प्रदान करना है, जिससे सामाजिक एकता और पारिवारिक समरसता को मजबूती मिले। सम्मेलन में भाग लेने वाले युवक-युवतियों को निर्धारित प्रारूप में आवश्यक दस्तावेज एवं फोटो के साथ पंजीयन कराना होगा।

### बगौद में श्रीमद् भागवत कथा 22 से

**अंवरी।** पंचतत्व में विलीन ग्राम बगौद के दिव्य आत्माओं के मोक्ष के लिए श्रीमद् भावगत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 22 से 28 दिसम्बर तक किया जा रहा है। कथावाचक लक्ष्मणाचार्य महाराज विंध्याचल मिर्जापुर, उत्तरप्रदेश होंगे। कथा 1 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। 22 दिसम्बर को कलश यात्रा, भागवत स्थापना, सुकदेव आगमन, 23 को कपिल देवहुति एवं ध्रुव चरित्र, 24 भरत चरित्र एवं वामन अवतार, अआमिल उद्धार, 25 को श्रीराम चरित्र, श्री कृष्ण जन्म, नन्द महोत्सव, माखन चोरी, 26 को श्री गोवर्धन पूजन एवं छप्पन भोग, 27 को कंसवध, श्री कृष्ण रुक्मणि विवाह एवं 28 दिसम्बर को सुदामा चरित्र, पूर्णाहुति एवं भंडारा होगा।

**निगम में बवाल : कांग्रेस पार्षद महापौर रामू रोहरा की गाड़ी के सामने लेटे**

# रेलवे प्रभावित परिवारों ने व्यवस्थापन को लेकर महापौर को घेरा, निकाली भड़ास







• प्रतीकात्मक रूप से महापौर का पुतला धरनास्थल पर रखा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

धरना प्रदर्शन के तीसरे दिन निगम कार्यालय के बाहर एमआईसी बैठक खत्म कर वापस जा रहे महापौर को रेलवे प्रभावितों व कांग्रेस पार्षदों ने जमकर घेरा। रेलवे प्रभावितों की बात न सुनने पर उनकी गाड़ी को चारों तरफ से घेर लिया गया। गाड़ी आगे बढ़ते देख कांग्रेस पार्षद योगेश लाल, विशु देवांगन, दीपक सोनकर उनके वाहन के सामने सो गए। इससे स्थिति गंभीर हो गई। रेलवे प्रभावितों ने कहा कि वे खुले आसमान के नीचे जीवनयापन करने के लिए मजबूर हैं। कड़कती ठंड में डागा धर्मशाला सहित बस स्टैंड, पुरानी मंडी के आसपास अपना डेरा डालकर किसी तरह जीवन काट रहे हैं। आक्रोशित परिवारों ने कहा कि महापौर रामू रोहरा ने रेलवे प्रभावितों की भावनाओं से खिलवाड़ किया है। कई बार स्टेशन आकर हमारी साथ फोटो खिंचवाई। अब पद में आने के बाद हमारी सुध लेने तक की बात नहीं करते। आगे कहा कि यदि हमारी मांग नहीं मानी गई तो नगर निगम के सामने ही तंबू लगाने बाध्य होंगे।

मौके पर रेलवे प्रभावित गंगा मंडावी, मधु यादव, मुन्नी मरकाम, ज्योति कोसरिया, शारदा यादव, हिरौंदी बाई, पिंकी ध्रुव ,सूरज महार, संगीता मरकाम, शांति ध्रुव, मंटोरा साहू, गीता बघेल, सुमित्रा ध्रुव, अनुराधा बघेल, द्रुपद बघेल, मधुर ध्रुव, विजयाबाई, मुनेश्वरी साहू, चिराग, वीरेंद्र साहू, संजय ध्रुव, कन्हैया ध्रुव, प्रमिला साहू, सद्दाम रजक, पार्वती, रिंकी ध्रुव, नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर, उपनेता प्रतिपक्ष विशु देवांगन, पार्षद योगेश लाल, सूरज गहरवाल, पूर्णिमा गजानंद रजक, सुमन मेश्राम, ब्लाक अध्यक्ष आकाश गोलछा, पार्षद उमा भागी ध्रुव, रामेश्वरी कोसरे, युकां नेता गौतम वाधवानी, पूर्व पार्षद राजेश ठाकुर, राजेश पांडे, सोमेश मेश्राम, अजय वर्मा, उदित साहू, श्याम देवांगन, संजू साहू,ज्ञानेश्वरी कांमडे, वातांजलि गोस्वामी, देवेंद्र देवांगन, अजय सिन्हा उपस्थित थे।

# किसानों ने किया डाही सोसाइटी का घेराव



■ सोसाइटी से अब तक सिर्फ 2 ट्रक ही धान का उठाव, धान लिमिट की मात्रा बढ़ाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭डांडेसरा(धमतरी)

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति डाही केन्द्र क्रमांक 619 में पर्याप्त मात्रा में धान खरीदी नहीं होने के कारण आक्रोशित किसानों ने सोसाइटी में प्रर्दशन करते हुए घेराव किया।

ग्राम सेनचुवा के किसान कमलेश चन्द्राकर एवं भूपेन्द्र चन्द्राकर ने बताया कि डाही सोसाइटी में 6 गांव आते हैं। सोसाइटी में केवल 11 सौ क्विंटल की खरीदी की जा रही है। अब तक केवल 30 प्रतिशत ही धान की खरीदी हुई है। किसानों के बार-बार मांग करने पर भी धान की मात्रा में लिमिट नहीं बढ़ाई जा रही है। अन्य सोसाइटी में लिमिट को बढ़ा दिया गया है, जबकि डाही सोसाइटी में कई किसानों का आज तक एक भी टोकन नहीं कटा है। किसान पूनाराम यादव ने बताया कि सोसाइटी से अब तक सिर्फ 2 ट्रक का ही धान उठाव हुआ है, शेष धान अभी तक सोसाइटी में ही रखा हुआ है। किसानों ने शासन से मांग की है कि अगर 22 दिसम्बर तक धान लिमिट की मात्रा नहीं बढ़ाई गई तो धान खरीदी का बहिष्कार किया जायेगा। मौके पर मौजूद भखारा तहसीलदार भूपेश चन्द्राकर ने किसानों को आश्वासन दिया कि लिमिट की मात्रा को बढ़ाने का प्रस्ताव भेजा गया है। सभी किसानों का धान खरीदा जाएगा। इस अवसर पर किसान मूलचंद साहू, महेंद्र चन्द्राकर, टीकाराम साहू, केदार ध्रुव, मोहन ध्रुव, ताराचंद साहू, कमलनारायण ध्रुव, लेखराम सिन्हा, बलीराम, राजकुमार पटेल, टेकराम खरे, शम्भूराम चन्द्राकर, शत्रुहन, कलीराम, टेमन चन्द्राकर उपस्थित थे।

## प्राथमिक शाला में उपस्वास्थ्य केंद्र का संचालन

■ छाती के ग्रामीणों ने कलेक्टर से नवीन भवन निर्माण की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं की हालत क्या है। यह ग्राम पंचायत छाती के उपस्वास्थ्य केन्द्र में देखा जा रहा है। लगभग 8 माह से छाती उपस्वास्थ्य केन्द्र का अस्थायी संचालन गांव की प्राथमिक शाला में हो रहा है। छाती उपसरपंच रमेश कुमार, राजेन्द्र चन्द्राकर ने कलेक्टर से मुलाकात कर अस्पताल के लिए नवीन भवन निर्माण की मांग की है। शुक्रवार को छाती से पहुंचे कांग्रेसी नेता राजेन्द्र चन्द्राकर, उपसरपंच रमेश कुमार ने कलेक्टर के समक्ष मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा है, जिसमें कहा है कि उप स्वास्थ्य केन्द्र छाती अत्यंत जर्जर हो चुका है। आये दिन मरीजों एवं कर्मचारियों के उपर छत का मलबा गिरने और अनहोनी की आशंका के बीच करीब 8 माह से उपस्वास्थ्य केन्द्र का संचालन अस्थायी रूप से प्राथमिक शाला छाती में किया जा रहा है। अस्पताल के लिए नवीन भवन आवश्यक है। छाती के अस्पताल में 12 गांवों के ग्रामीण उपचार के लिए पहुंचते हैं। भवन नहीं होने से रात में अस्पताल बंद रहता है जिससे मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शीघ्र नवीन भवन निर्माण की मांग की गई है।

## कॉलेज स्टेडियम में कॉर्पोरेट प्रीमियम लीग का आगाज

■ पीडी कंपनी के सौजन्य से क्रिकेट का महाकुंभ जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



कॉर्पोरेट प्रीमियम लीग-4 रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज पीजी कॉलेज स्टेडियम में हो चुका है। यह टूर्नामेंट 18 दिसंबर से 23 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें जिले की नामी कॉर्पोरेट और क्लब टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता के पहले मैच के शुभारंभ अवसर पर निशीत पटेल, मिहिर पटेल एवं सकुश गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित थे। इस दौरान निशीत पटेल और सकुश गुप्ता ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। पहला मैच जेएस किंग और मैट्रोफिट जिम के मध्य खेला गया, जिसमें जेएस किंग ने 17 रनों से जीत दर्ज की। दूसरे मैच में रॉयल्स स्ट्राइकर और एचडीएफसी बैंक के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें रॉयल्स स्ट्राइकर ने 16 रनों से विजय हासिल की। इसके साथ ही सीजन का तीसरा मुकाबला रॉयल्स स्ट्राइकर और बड़ौदा रॉयल्स के बीच खेला गया।

कॉर्पोरेट प्रीमियम लीग शुक्रवार की शाम 6 बजे से प्रारंभ होती है, जिसमें आगामी मुकाबले जैन क्रिकेट क्लब एवं श्रीराम हॉस्पिटल, टेलीकॉम आर्मी एवं मैट्रोफिट जिम, सीएस इंफ्रा एवं मोबाइल इंफ्रा तथा टेलीकॉम आर्मी एवं जोशी इंफ्रा के बीच खेले जाएंगे। कॉर्पोरेट प्रीमियम लीग-4 में विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी स्व. पुरुषोत्तम दास पटेल (पूर्व विधायक) एवं स्व. श्रीयांचदास पटेल की स्मृति में पीडी कंपनी द्वारा प्रदान की जाएगी।

# 20 साल बाद मिले पीजी कॉलेज के सहपाठी

■ रायपुर में एक मित्र के घर सभी एकत्रित हुए, फिर जंगल सफारी का किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छात्र जीवन मनुष्य के जीवन का बड़ा ही अविस्मरणीय दौर होता है। उन्ही यादों को संजोए 20 साल बाद प्रदेश की राजधानी रायपुर में शासकीय पीजी कॉलेज धमतरी के एमए हिन्दी साहित्य के सहपाठी फिर मिले। यह अद्भुत पल था। बीते दिनों की स्वर्णिम यादें ताजा हो गई। मोबाइल पर यदा कदा हालचाल पूछ लेते हैं। कुछ लोग कभी- कभी मिल भी लेते हैं पर यह मि ल ना रोमांचकारी था। 20 साल बाद जब एक साथ बैठकर बात करने का जो आनंद है, वह कॉलेज के क्लासरूम को जीवंत बना दिया। मैडम श्रीमती चंद्रिका साहू की शालीनता, डॉ. श्रीदेवी चौबे की जिंदादिली और व्यंग्य भरे बातें, सर तेजराम दिल्लीवार की पान की रंजकता लिए होठों पर मोहक मुस्कान, सर प्रीतराम साहू के अलग अंदाज की बातें हुईं । अपने गुरुओं के किस्से कहने-सुनने का दौर का चलता रहा।

2005 के दो दशक बाद 14 दिसम्बर को जब तनेश्वर नागवंशी के घर रायपुर में मिले तो सभी का हृदय गदगद हो उठा। वर्ष 2005 में बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय पीजी कॉलेज में एमए हिन्दी साहित्य के विद्यार्थी थे। रायपुर में अपने मित्र के घर से निकलकर जंगल सफारी के रोमांचक सफर को निकले।

इस रोमांचकारी अनुभव को कैमरे में कैद कर बातों में ऐसे उलझे कि पता न चला कब दोपहर से शाम हो गई। प्रहलाद पटेल, तनेश्वर नागवंशी शैलेन्द्र चेलक, धनेश्वर गोयल, देवेन्द्र कुमार सिन्हा, जनक बंजारे, गायत्री सिन्हा ने अपने साथियों मंजू नायर, प्रभा चंदेल , खुमिन सिन्हा, अमिता कानपिल्लेवार और तोरण अग्निवंशी को भी याद किया। वर्तमान में ये सभी सहपाठी शासकीय सेवाओं में अपनी-अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभा रहे हैं।

# धमतरी में सुरों की सौगात, पुराने गीतों ने लौटाई सुनहरी यादें

■ विमल टॉकीज में सजी तीन घंटे की यादगार संगीतमय महफिल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





शहर के सांस्कृतिक कैलेंडर में गुरुवार की रात एक खास अध्याय के रूप में दर्ज हो गई, जब अंतरा कला परिषद और भारतीय जैन संगठन, धमतरी शाखा के संयुक्त आयोजन में भूले-बिसरे गीतों की सुरमयी शाम का आयोजन किया गया। स्थानीय विमल टॉकीज परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में श्रोताओं ने हिंदी सिनेमा के स्वर्णिम दौर के गीतों के साथ भावनाओं की सैर की।

शाम 7.30 बजे शुरू हुआ यह संगीतमय कार्यक्रम लगभग तीन घंटे तक चला। मुंबई, नागपुर और इंदौर से आए ख्यातिलब्ध गायक-कलाकारों और संगीतकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर माहौल को संगीतमय बना दिया। कार्यक्रम को देखने-सुनने शहर के चिकित्सक, अधिकारी-कर्मचारी, समाजसेवी और बड़ी संख्या में संगीतप्रेमी पहुंचे।

मुंबई के गायक प्रसन्ना राव ने मोहम्मद रफी के सदाबहार गीतों से समां बांधा, वहीं किशोर पाराशर ने किशोर कुमार और मुकेश की शैली में गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को अतीत की यादों में पहुंचा दिया। मन्ना डे की गायकी में राजेंद्र गलगले की प्रस्तुति को खूब सराहा गया। नेत्रहीन गायिका हर्षिता जायसवाल की मधुर आवाज ने कार्यक्रम को भावनात्मक ऊंचाई दी, जबकि आशा ने आशा भोसले के लोकप्रिय गीतों से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहे 11 वर्षीय हार्दिक, जिन्होंने सैक्सोफोन पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सभी को चकित कर दिया। कम उम्र में उनकी आत्मविश्वास भरी प्रस्तुति पर सभागार तालियों से गूंज उठा। संगीत संयोजन की जिम्मेदारी नागपुर के अभिजीत ने संभाली। प्रसिद्ध वायलिन वादक जितेंद्र ठाकुर और उनकी टीम ने संगीत में जीवंतता भर दी। इंदौर के भूपेश भारद्वाज ने मिमिक्री के माध्यम से दर्शकों को खूब हंसाया। कार्यक्रम का संचालन इंदौर की सुमित्रा देशमुख ने किया।

कार्यक्रम की शुरुआत सुप्रसिद्ध अभिनेता स्वर्गीय धर्मेंद्र को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। सभी कलाकारों और दर्शकों ने खड़े होकर मौन रखकर उन्हें नमन किया। इसके बाद गीतों की ऐसी श्रृंखला शुरू हुई, जिसने श्रोताओं को अंत तक बांधे रखा।

कार्यक्रम में गायक प्रसन्ना ने दिल के झरोखे में, कहीं दूर जब दिन ढल जाए, किशोर ने चिंगारी कोई भड़के, मैं हूं झुमरूं, चल अकेला चल अकेला, राजेंद्र ने लागा चुनरी में दाग, प्रसन्ना ने सौ बार जनम लेंगे, आज मौसम बड़ा बेईमान है, जीना यहां मरना यहां सहित तीन दर्जन से अधिक सदाबहार गीतों की प्रस्तुति दी।

विमल टॉकीज के बेहतरीन साउंड सिस्टम और ऑडिटोरियम जैसी व्यवस्था की भी सराहना की गई। इस अवसर पर विमल टॉकीज के संचालक शांतिलाल लुंकड़ एवं अंतरा कला परिषद की प्रमुख डॉ. श्रीदेवी चौबे को आयोजन में योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

### संगीत के साथ संवेदना, 70 दिव्यांगजनों को आर्थिक सहयोग

इस आयोजन की एक खास पहलू समाजसेवा भी रही। अंतरा कला परिषद और भारतीय जैन संगठन महिला शाखा की ओर से धमतरी शहर व ग्रामीण क्षेत्र के 70 दिव्यांगजनों को 2500-2500 की नगद सहायता प्रदान की गई। यह राशि जनसहयोग से एकत्र की गई, जिसे मंच से दानदाताओं के माध्यम से दिव्यांगजनों को सौंपा गया। सहयोग पाकर दिव्यांगजनों ने आयोजकों के प्रति आभार जताया।

## प्रथम नगर आगमन पर भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष का भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ युवा मोर्चा के नवनिर्वाचित प्रदेश उपाध्यक्ष शुभम जायसवाल के प्रथम धमतरी आगमन पर युवा मोर्चा द्वारा घड़ी चौक में उनका स्वागत किया गया। श्री जायसवाल ने विद्यार्थी परिषद में रहकर महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन किया है।जिला संयोजक, विभाग संयोजक, छत्तीसगढ़ प्रदेश मंत्री, केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। शुभम की संगठनात्मक क्षमता, युवाओं के बीच उनकी पकड़ और कार्य के प्रति उनके समर्पण को देखते हुए प्रदेश नेतृत्व ने उन्हें यह अहम जिम्मेदारी सौंपी हैं।

शुभम ने अपनी नियुक्ति के बाद शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने उन पर जो भरोसा जताया है, वे उस पर खरा उतरते का पूर्ण प्रयास करेंगे। मेरा लक्ष्य युवाओं के मध्य राष्ट्रवाद की विचारधारा को जोड़ना और केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना हैं। मौके पर पर अविनाश दुबे, गौरव मगर, विशाल त्रिवेदी, राम सोनी, शुभांक मिश्रा, अर्पित, शुभम कृदत्त ओम थवाईत, संकल्प, भूषण, विकास सिन्हा, दुर्गेश, विशाल चंद्राकर, विनय जैन, जितेश सिन्हा, ओमेश यादव, अतुल समेत अन्य उपस्थित रहे।

### अमलीडीह में मानसगान स्पर्धा 2 जनवरी से

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम अमलीडीह में नव युवा मानस प्रचार समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन 2 ,3 एवं 4 जनवरी को रखा गया है । पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार 3001, द्वितीय 2751, तृतीय 2551, चतुर्थ पुरस्कार 2251 रूपये रखा गया है। महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार 2501, द्वितीय पुरस्कार 2251, तृतीय पुरस्कार 2001 रूपये दिया जायेगा। संगीत में 1201, गायन में 1201, वेशभूषा में 1201 रूपये पुरस्कार दिया जायोगा। सभी मंडली को सांत्वना राशि 2001 रुपये दी जायेगी। प्रवेश शुल्क 201 रुपये है। कार्यक्रम को गति प्रदान करने में अध्यक्ष रोहित साहू, उपाध्यक्ष शांता साहू, कोषाध्यक्ष गुनेश्वर साहू, सचिव डॉक्टर कैलाश साहू, व्यवस्थापक धनीराम साहू, संरक्षक युवराज साहू, संगठन मंत्री शिवदयाल साहू, सलाहकार भूनुराम साहू जुटे हुए हैं

**नगर निगम धमतरी में 60 एजेंडों में से 55 प्रस्ताव स्वीकृत**

# एमआईसी की बैठक में विकास कार्यों को मिली हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



नगर पालिक निगम में शुक्रवार को महापौर रामू रोहरा की अध्यक्षता में मेयर इन काउंसिल (एमआईसी) की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। करीब दो घंटे तक चली इस बैठक में कुल 60 एजेंडों में से 55 प्रस्तावों पर चर्चा के बाद सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई, जबकि 5 प्रस्तावों को आगामी बैठक के लिए स्थगित रखा गया।

बैठक में शहर के बहुप्रतीक्षित हाईटेक बस स्टैंड निर्माण, ऑडिटोरियम विस्तार कार्य, अटल परिसर सहित अन्य प्रमुख विकास योजनाओं को बिना किसी विरोध के मंजूरी मिल गई। इन प्रस्तावों को लेकर किसी प्रकार का विवाद सामने नहीं आया।

बैठक में आयुक्त इंदिरा सिंह, उपायुक्त पीसी सार्वा सहित एमआईसी सदस्य विजय मोटवानी, नीलेश लूनिया, अखिलेश सोनकर, श्यामलाल नेताम, हिमानी साहू, विभा चंद्राकर और पिंटू यादव उपस्थित थे। संबंधित विभागों के अधिकारी भी बैठक में मौजूद थे।

बैठक के दौरान दो आंगनबाड़ी सहायिकाओं एवं कार्यकर्ताओं के त्यागपत्र को स्वीकार किया गया। कोष्टापारा क्षेत्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की नई भर्ती, नगर निगम क्षेत्र में श्वान बधियाकरण एवं टीकाकरण कार्य हेतु निविदा दरों को स्वीकृति दी गई।

इसके अलावा शहर के विभिन्न मार्गों के नामकरण, धमतरी के प्रसिद्ध महापुरुषों के नाम पर सांकेतिक बोर्ड लगाने, अर्जुनी चौक से घड़ी चौक होते हुए अंबेडकर चौक तक डिवाइडर में यूनिपोल स्थापना का निर्णय लिया गया। गौसेवा समिति के अनुरोध पर पशु दुर्घटना एवं अंतिम संस्कार के लिए निगम के टाटा एस एवं एसई वाहन उपलब्ध कराने की भी स्वीकृति दी गई।

पुराना बालक चौक के पीछे स्थित शॉपिंग कॉम्पलेक्स की भूतल एवं रिक्त दुकानों के लिए प्राप्त उच्चतम दर को मंजूरी दी गई। शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला दानीटोला का नामकरण स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के नाम पर करने का निर्णय लिया गया।

जलप्रदाय समिति की अनुशंसा पर निगम क्षेत्र में जलापूर्ति आरक्षित करने, पुनर्वास एवं नियोजन समिति की अनुशंसा अनुसार 13 कालोनियों के नियमितीकरण, विकास शुल्क में संशोधन, पार्षदों की मांग पर बोर उत्खनन, नगर निवेश क्षेत्र को नगर पालिक सीमा में शामिल करने जैसे प्रस्ताव भी पारित किए गए। इसके साथ ही सिहावा चौक स्थित ऑडिटोरियम में निर्मित दुकान में इंडियन कॉफी हाउस संचालन की अनुमति, ग्रीष्मकालीन जल संकट से निपटने के लिए दो ट्रैक्टर मुण्डी एवं छह पानी टैंकर खरीदी के प्रस्ताव को भी हरी झंडी दी गई।

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)

डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

यहां वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, लकवा रोग, बवासीर, पेट रोग, पुरूषों के गुप्त रोग, स्त्री रोग-सफेद पानी आना, मासिक रूकावट केश रोग, मूत्र रोग, शुगर रोग, चर्म रोग, बुखार, सर्दी, खांसी, स्वांस रोग व दांत रोग के इलाज में
तुरंत आराम के लिए
बाबा आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - हाउसिंग बोर्ड कालोनी पोटियाडीह धमतरी मो.नं. : 8319483810
यहां डॉक्टर का फीस नहीं लगता
खुलने का समय सुबह 8 से 9 बजे तक